प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थी का नामी कम्पनी में चयन

पन्तनगर। 13 फरवरी 2024। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से मैसर्स अडानी विल्मर लिमिटेड कम्पनी द्वारा साक्षात्कार के आधार विश्वविद्यालय एक विद्यार्थी हरीश सिंह राना (बी.टेक. एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग) का चयनित किया गया। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग पैकेज रू. 7 लाख प्रतिवर्ष देय होगी। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की गयी तथा उन्होंने चयनित विद्यार्थी को शुभकामनाएं दीं। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. एम.एस. नेगी ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।

चयनित विद्यार्थी के साथ अधिकारी।

निदेशक संचार